Script 1 – Portal Terms

Department of Environment, Land, Water and Planning (DELWP) आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी को Victorian गोपनीयता कानूनों के अनुसार सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। Victorian Energy Compare सेवा का प्रयोग इस वेबसाइट के लिए गोपनीयता वक्तव्य के अधीन है, जो कि compare.energy.vic.gov.au/privacy पर स्थित है।

हमारे गोपनीयता वक्तव्य में निर्धारित गुमनाम जानकारी के संग्रहण के अतिरिक्त, Victorian सरकार के $250 Power Saving Bonus Program (प्रोग्राम) के लिए आवेदन करने के द्वारा, आपसे कुछ निश्चित जानकारी प्रदान करने के लिए कहा जाएगा ताकि अनुमानित ऊर्जा खर्च निर्धारित किए जा सकें और प्रोग्राम का प्रबंध किया जा सके। आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी का प्रयोग केवल इन प्रयोजनों के लिए किया जाएगा और इसे हमारी गोपनीयता नीति के अनुसार संभाल कर रखा और प्रयोग किया जाएगा।

250 डॉलर के Power Saving Bonus के लिए आवेदन करने का चयन करके आप इनके लिए अनुमति दे रहे हैं:

- एक DELWP अनुमोदित सामुदायिक संगठन द्वारा आपकी ओर से 250 डॉलर का बोनस का क्लेम जमा कराए जाने की। क्लेम संबंधी संपूर्ण जानकारी DELWP के 250 डॉलर Power Saving Bonus Outreach पोर्टल में रखी जाएगी और इसका प्रयोग केवल अनुमोदित सामुदायिक संगठन तथा इसके प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा आपके क्लेम को संसाधित करने और इसके भुगतान के लिए किया जाएगा।
- DELWP द्वारा आपकी पहचान और पात्रता की पुष्टि करने की जो यह Services Australia के साथ आपके Centrelink / DVA उपभोक्ता विवरणों को प्रमाणित करके करेगा।
- DELWP द्वारा अन्य उपायों के माध्यम से आपकी पहचान और पात्रता की पहचान करने की, यदि आवश्यक हो तो, जैसे कि ड्राइवर्स लाइसेंस या Medicare नम्बर, इसमें तृतीय पक्षीय प्रणालियों के माध्यम से दस्तावेज़ जारीकर्ता या आधिकारिक रिकॉर्ड धारक के साथ आपकी जानकारी की जांच किए हेतु DELWP के लिए सहमति दिए जाना शामिल है।

250 डॉलर के Power Saving Bonus के लिए क्लेम जमा करने का फैसला करके, आप यह स्वीकार कर रहे हैं कि आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी के भाग सत्यापन प्रयोजनों के लिए तृतीय पक्ष को भेजे जा सकते हैं। उन पक्षों द्वारा व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य कोई जानकारी संभाल कर नहीं रखी जाएगी, और किसी भी समय आपके संपर्क करने के लिए उन पक्षों द्वारा आपकी जानकारी का प्रयोग नहीं किया जाएगा, और न ही आपकी जानकारी को उन पक्षों के साथ, या किसी अन्य पक्षों के साथ साझा किया जाएगा। आप हमसे संपर्क करके आपके द्वारा Victorian Energy Compare को प्रदान की गई जानकारी तक पहुँच प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

Script 2 – Opt In

250 डॉलर Power Saving Bonus प्रोग्राम के भाग के तौर पर, Victorian सरकार किफायती ऊर्जा संबंधी प्रस्तावों के बारे में सहभागियों को अतिरिक्त जानकारी प्रदान कर रही है। यदि आप इसमें भाग लेते हैं, तो आपको छूट लाभों, Victorian Default पेशकश, और किफायती ऊर्जा का समर्थन करने के लिए तैयार किए गए अन्य प्रस्तावों के बारे में अधिक जानकारी ई-मेल या डाक से मिलेगी। यदि आप भाग लेते हैं, तो आपसे हर छ: महीने में एक से अधिक बार संपर्क नहीं किया जाएगा, और आप किसी भी समय अपना नाम वापिस ले सकते हैं।

Script 3 – Centerlink Consent

मैं अधिकार देता हूँ कि:

- Department of Environment, Land, Water and Planning (DELWP) मेरे Centrelink/DVA उपभोक्ता विवरणों और कन्सेशन कार्ड स्थिति की Centrelink जांच करने के लिए Centrelink Confirmation eServices का प्रयोग करे ताकि व्यापार यह निर्धारित करने में सक्षम हो सके कि क्या मैं 250 डॉलर के Power Saving Bonus के लिए पात्र हूँ या नहीं।

- Services Australia (संस्था) उस जांच-पड़ताल के परिणाम DELWP को प्रदान करे।

मैं समझता हूँ कि:

- संस्था मेरे नाम, पते और कन्सेशन कार्ड के प्रकार और स्थिति सहित DELWP को निजी जानकारी का खुलासा करेगी ताकि 250 डॉलर के Power Saving Bonus के लिए मेरी पात्रता की पुष्टि की जा सके।
- सहमत होने पर, यह सहमति मेरे DELWP के उपभोक्ता बने रहने तक वैध रहती है बशर्ते कि मैं DELWP या संस्था से संपर्क करके इसे वापिस न ले लूँ। मैं संस्था से अपनी परिस्थितियों/विवरण के प्रमाण लेकर इन्हें DELWP को प्रदान कर सकता हूँ ताकि 250 डॉलर के Power Saving Bonus के लिए मेरी पात्रता का निर्धारण किया जा सके।
- यदि मैं अपनी सहमति वापिस ले लेता हूँ या वैकल्पिक तौर पर अपनी परिस्थितियों/विवरण का प्रमाण प्रदान नहीं करता हूँ, तो हो सकता है कि मैं DELWP द्वारा प्रदान किए जाने वाले 250 डॉलर के Power Saving bonus के लिए पात्र न होऊँ।